# व्यक्तियों के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता

अशक्तता ग्रस्त जीवन के साथ अक्सर वित्तीय चुनौतियाँ जुड़ी होती हैं। हालाँकि व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति को संभालना और उसमें सुधार करना मुख्य फ़ोकस होता है, पर कई सारे दूसरे महत्वपूर्ण बिंदु भी होते हैं। बहुतों के लिए, चिकित्सा बिलों, आवास, परिवहन, सहायक टेक्नॉलजी और अन्य चीज़ों से जुड़े ख़र्चों का भुगतान उनके हाथ-पैर फुला देने वाली चुनौती हो सकता है। ख़ुशख़बरी यह है कि ठीक होने, जीने और फलने-फूलने के लिए आपकी जो असल ज़रूरतें हैं उन ज़रूरतों और स्वास्थ्य बीमा से मिलने वाले भुगतान के बीच के फ़ासले को पाटने के लिए कई तरीक़े उपलब्ध हैं।




## प्र: क्या मुझे GoFundMe जैसी क्राउडफ़ंडिंग साइटों का उपयोग करना चाहिए?

अक्सर ऐसे रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों का एक नेटवर्क मौजूद होता है जो मदद के लिए तत्पर

होता है, पर पैसे जुटाने के कार्य को संभालने में सहायता के लिए इस नेटवर्क को एक स्थापित और भरोसेमंद संसाधन की ज़रूरत होती है। कई संगठन, जैसे हेल्प होप लिव (Help Hope Live), टैक्स और परिसंपत्ति-आधारित सहायता कार्यक्रम के उलझावों में मदद देते हुए एक समुदाय-आधारित अनुदान-संचय मंच (फ़ंडरेज़िंग प्लेटफ़ॉर्म) प्रदान करते हैं। जुटाए गए धन से तमाम ख़र्चों का भ‍ुगतान किया जा सकता है, जैसे दवाओं के लिए अपनी जेब से किए गए ख़र्चे, टिकाऊ चिकित्सा उपकरण, घर पर स्वास्थ्य देखभाल, व्हीलचेयर को सुगम बनाने के लिए किए गए संशोधन, भौतिक चिकित्सा, नवाचारी उपचार, चिकित्सीय यात्रा और अस्थायी प्रवास, यहाँ तक कि आपातकालीन जीवन-यापन सहायता भी। यदि आप किसी अनुदान संचय (फ़ंडरेज़िंग) एप का उपयोग करते हैं, तो कृपया टैक्स संबंधी और वित्तीय जटिलताओं को पहले से जान लें, ताकि आप किसी आय-आधारित लाभ से हाथ न धोएँ।

**वित्तीय सहायता के संभावित स्रोत:**

- मेडिकेयर (Medicare)
- पूर्व-सैनिक कार्यक्रम (पूर्व-सैनिक कार्य विभाग/डिपार्टमेंट ऑफ़ वेटरन्स अफ़ेयर्स)
- राज्य के सहायता कार्यक्रम (मेडिकएड (Medicaid), बाल स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम)
- निजी बीमा, जिसमें किफ़ायती देखभाल अधिनियम (अफ़ॉर्डेबल केयर एक्ट) बीमा कंपनियाँ शामिल हैं
- राष्ट्रीय और स्थानीय अलाभ संगठन और फ़ाउंडेशन
- अन्य विकल्प (क्राउडफ़ंडिंग, रिवर्स मॉर्गेज, जीवन बंदोबस्त (लाइफ़ सेटलमेंट), दीर्घकालिक बीमा, किसी क्रेडिट कार्ड से मिलने वाली संकटकालीन कवरेज, व्यावसायिक पुनर्वास)

## प्र: मैं बिना भर्ती (आउटपेशेंट) उपचारों का भुगतान कैसे करूँ जिन्हें बीमा कवर नहीं करता है?

आम तौर पर बीमा बिना भर्ती (आउटपेशेंट) देखभाल और भर्ती रोगी (इनपेशेंट) उपचार, दोनों को कवर करता है। हालाँकि, कई बीमा कंपनियाँ भौतिक या व्यावसायिक चिकित्सा की प्रतिवर्ष म‍ुलाक़ातों की अधिकतम संख्या को सीमित करती हैं। चूँकि अलग-अलग बीमा योजनाओं में कवरेज के विकल्पों में बहुत ज़्यादा फ़र्क हो सकते हैं इसलिए, आपकी पॉलिसी आपके उपचार के पूरे दायरे को कवर करती हो यह सुनिश्चित करने के लिए उपचार केंद्र के साथ कार्य करना एक अच्छा विचार होता है। बिना भर्ती

(आउटपेशेंट) उपचार की परिभाषा बहुत व्यापक है, और हो सकता है कि कुछ पॉलिसियाँ कुछ कार्यक्रमों को कवर न करती हों। कई इकाइयाँ वित्तीय सहायता की ज़रूरत वाले रोगियों को विस्तारित भुगतान योजना के विकल्प देती हैं। समुदाय के सहयोग के ज़रिए जुटे धन से भी इन लागतों के भुगतान में मदद मिल सकती है। यदि इकाई घर से दूर है तो परिवहन की लागतें भी ख़र्च का एक बड़ा हिस्सा हो सकती हैं।

## प्र : मैं भर्ती रोगी पुनर्वास (इनपेशेंट रीहैबिलिटेशन) का भुगतान कैसे करूँ?

कुछ लोग, मेडिकेयर (Medicare) कवरेज के अंत से आगे की कवरेज के लिए पूरक बीमा कवरेज ख़रीद लेते हैं जिसे आम तौर पर "मेडिगैप" कवरेज कहते हैं। आप संभावित विकल्पों के लिए अपने राज्य स्वास्थ्य बीमा सहायता कार्यक्रम (स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस असिस्टेंस प्रोग्राम, SHIP) कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। कुछ पुनर्वास केंद्र वर्तमान रोगियों या पूर्व-छात्रों के लिए छात्रवृत्तियाँ देते हैं। समुदाय के सहयोग के ज़रिए जुटे धन से भी इन लागतों के भुगतान में मदद मिल सकती है।

## प्र: टिकाऊ चिकित्सा उपकरण (ड्यूरेबल मेडिकल इक्विपमेंट, DME) के लिए भुगतान कैसे किया जाए?

मेडिकेयर (Medicare) केवल उन चिकित्सकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए DME कवरेज देता है जो उसके कठोर मानकों को संतुष्ट करते हैं। अक्सर, मेडिकेयर (Medicare) और पूरक बीमा मिलकर लागत के एक अंश का भुगतान कर देते हैं और बाक़ी के अंश का भुगतान व्यक्ति को करना हो सकता है। हर राज्य में उपलब्ध सहायता कार्यक्रमों के साथ-साथ, राष्ट्रीय फ़ाउंडेशन और स्थानीय अलाभ संगठन, दोनों ही वित्तीय सहायता या मुफ़्त, दीर्घकालिक ऋणों के मामले में मदद दे सकते हैं। यदि आप उपकरण ख़रीद नहीं सकते हैं तो हो सकता है कि स्थानीय उपकरण लोन क्लोज़ेट आपको उपकरण उधार दे पाएँ। DME ख़रीद पर टैक्स कटौती मिलती है। अपने भुगतानों के प्रबंध के अन्य तरीक़ों के बारे में अपने DME आपूर्तिकर्ता या वित्तीय सलाहकार से बात करें।

## प्र: मैं गृह संशोधनों के लिए भुगतान कैसे करूँ?

मेडिकेयर (Medicare) और अधिकांश निजी बीमा कंपनियाँ आम तौर पर गृह संशोधनों के लिए भुगतान नहीं करते हैं। देखें कि आपके राज्य की व्यावसायिक पुनर्वास सेवाएँ लिफ़्टों या एलिवेटरों के लिए भुगतान करेंगी या नहीं। यदि आपकी चोट कार्य-संबंधी है, तो आपके घर के लिए चिकित्सीय दृष्टि से जो भी संशोधन आवश्यक होंगे उनका भुगतान कर्मी क्षतिपूर्ति द्वारा किया जाएगा। यदि आप किसी अपराध के पीड़ित हैं, तो आपका राज्य अपनी अपराध पीड़ित क्षतिपूर्ति निधि से कुछ गृह संशोधनों को

कवर कर सकता है। जो भी उपकरण लोन क्लोज़ेट मौजूद हों उनसे संपर्क करके आपको पता करना चाहिए कि उनके पास स्टेयर लिफ़्ट या अस्थायी रैंप हैं या नहीं। कई राज्य अशक्तता के साथ जी रहे लोगों की सुरक्षा को बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य ख़तरों को ख़त्म करने के लिए अशक्तता सहायता कार्यक्रम चलाते हैं और अमेरिकी कृषि विभाग (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रिकल्चर) ग्रामीण मरम्मत एवं पुनर्वास अनुदान (रूरल रिपेयर एंड रीहैबिलिटेशन ग्रांट) प्रदान करता है। होम डिपो (Home Depot), लोज़ (Lowe's) और हैबिटेट फ़ॉर ह्यूमेनिटी (Habitat for Humanity) के यहाँ गृहस्वामियों के लिए अनुदानों और अन्य संसाधनों के साथ समुदाय-आधारित गृह संशोधन पहलों की सहायता करने वाले कार्यक्रम हैं। किरायेदारों को यह अनुरोध करना पड़ सकता है कि उनका मकानमालिक इन संगठनों के साथ कार्य करे। कुछ अलाभ संगठन, जैसे रीबिल्डिंग टुगेदर (Rebuilding Together), वित्तीय सहायता या स्वयंसेवी श्रम के रूप में मदद देते हैं।

## प्र: क्या रीव फ़ाउंडेशन व्यक्तियों को सीधे वित्तीय सहयोग देता है?

हम क्षमा चाहेंगे, रीव फ़ाउंडेशन व्यक्तियों को वित्तीय सहयोग नहीं दे सकता है। संपूर्ण लकवा समुदाय को सर्वोत्तम सेवा देने के लिए, रीव फ़ाउंडेशन (व्यक्तियों की बजाए ऐसे अलाभ संगठनों की मदद पर फ़ोकस करता है जो स्थानीय और राष्ट्रीय, दोनों प्रकार के संसाधनों के ज़रिए जीवन बदलने वाले कार्यक्रम पेश करते हैं। अक्सर, इन संगठनों को मिलने वाली हमारी फ़ंडिंग से कार्यक्रम सहभागियों के लिए कार्यक्रम की लागत घट जाती या शून्य हो जाती है, जिससे वित्तीय बोझ से राहत मिलती है और वे अधिक आत्मनिर्भरता तथा जीवन की गुणवत्ता का आनंद लेने में समर्थ हो पाते हैं।

स्रोत: मेडिकेयर एवं मेडिकएड सेवा केंद्र (सेंटर्स फ़ॉर मेडिकेयर एंड मेडिकएड सर्विसेज़), हेल्प होप लिव (Help Hope Live), अमेरिकी कृषि विभाग - ग्रामीण विकास (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रिकल्चर - रूरल डेवलपमेंट)

**किसी से बात करनी है?**

हमारे जानकारी विशेषज्ञ आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपलब्ध हैं।
सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से रात 8 बजे (पूर्वी समयानुसार) तक टोल फ़्री नंबर 1-800-539-7309 पर कॉल करें। या https://www.christopherreeve.org/hi/get-support/ask-us-anything/form पर कॉल निर्धारित करें अथवा ऑनलाइन प्रश्न पूछें।

इस संदेश में निहित जानकारी आपको पक्षाघात और उसके प्रभावों के बारे में शिक्षित करने व सुविज्ञ बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है। इस संदेश में निहित किसी भी चीज़ का अर्थ चिकित्सीय निदान या उपचार के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और न ही वह इसके लिए प्रयोग करने हेतु उद्दिष्ट है। इसका उपयोग आपके चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता की सलाह के स्थान पर नहीं किया जाना चाहिए। यदि आपको स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कोई प्रश्न पूछना हो तो कृपया शीघ्रता से अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को फोन करें या उनसे मिलें। कोई भी नया उपचार, आहार या तंदुरुस्ती कार्यक्रम आरंभ करने से पहले हमेशा अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करें। आपको कभी-भी इस संदेश में पढ़ी गई किसी चीज़ के कारण चिकित्सीय सलाह की अवहेलना नहीं करनी चाहिए अथवा उसे प्राप्त करने में विलंब नहीं करना चाहिए।

इस प्रकाशन को कुल $87,00,000 मूल्य के वित्तीय सहायता अनुदान के रूप में सामुदायिक जीवन-यापन प्रशासन (एडमिनिस्ट्रेशन फ़ॉर कम्युनिटी लिविंग, ACL), अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएँ विभाग (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज़, HHS) की ओर से सहायता मिलती है जिसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण ACL/HHS द्वारा किया जाता है। विषय-वस्तुएँ रचियता(ओं) द्वारा रचित हैं और आवश्यक नहीं कि वे ACL/HHS, या अमेरिकी सरकार के आधिकारिक विचारों को या उनके द्वारा विषय-वस्तुओं के समर्थन को